



## एक नजर में

### तनिष्का मोदी ने पूरे प्रदेश में किया नाम रोशन

**सिवनी मालवा।** नगर के श्रीकांत और नीलम मोदी की बेटी तनिष्का मोदी ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विज्ञान संकाय में मध्य प्रदेश में पहला स्थान हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा गोल्ड मेडल और डिग्री प्रदान की गई। तनिष्का ने बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में यह उपलब्धि हासिल की, जहां उन्हें 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री और राज्यपाल उपस्थित थे। तनिष्का की इस शानदार सफलता पर एसडीएएम कॉलेज सिवनी मालवा के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें सभी ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

### लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**नर्मदापुरम** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम् के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई गई। न्यायाधीश एवं सचिव श्री विजय कुमार पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर 2025 को किया जा रहा है। जिसमें न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा विधुत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालय में आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकृत किए जाएंगे। प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में विधुत विभाग नगर पालिका एवं बैंक के रिकवरी प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाएगा। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण एवं जिला विधिक सेवा अधिकारी श्री अभय सिंह, विधुत विभाग के अधिकारी एवं बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम खाद वितरण की मॉनीटिरिंग करें

धान, ज्वार एवं बाजरा पंजीयन की समस्त तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाए, सभी विभाग आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीयन एवं प्रशिक्षण आवश्यक रूप से प्राप्त करें.

## एक सप्ताह में शिकायतों का निराकरण नहीं हुआ तो संबंधित के विरूद्ध होगी कार्यवाही -कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/10,सितंबर,2025/** समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आई गॉट पोर्टल पर जिले के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि जिन कोर्सेज का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह कर्मचारियों के लिए कार्योन्मुख और उपयोगी हो। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर भी मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत समस्त कर्मचारी आई गॉट पोर्टल पर पंजीयन कर उपलब्ध कोर्सेज का अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण लें। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि सभी कर्मचारियों की शासकीय ईमेल आईडी तैयार कराना विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है। अत: यह सुनिश्चित किया जाए कि शेष कर्मचारियों की ईमेल आईडी शीघ्र तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन की विभाग-वार शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने डी ग्रेड में स्थान प्राप्त विभागों की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि आगामी एक सप्ताह में शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित सुधार नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों की समीक्षा करते हुए असंतोष प्रकट किया और निर्देश दिए कि विभाग आगामी सप्ताह में अपनी रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार करे। उन्होंने कहा कि शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निराकरण हेतु ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएं तथा जिन प्रकरणों में संदेह की स्थिति हो, उनमें वरिष्ठ अधिकारियों से परामर्श अवश्य लिया जाए। कृषि विभाग की लंबित शिकायतों पर कलेक्टर ने सख?त निर्देशित करते हुए उपस्थित अधिकारी को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा श्रम विभाग की लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों के निराकरण में जितनी अधिक मेहनत की जाएगी, उतने ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे सबसे पुरानी शिकायतों पर प्राथमिकता के साथ ध्यान दें। हितग्राही मूलक योजनाओं, पेंशन, आर्थिक सहायता और क्षतिपूर्ति सहायता से संबंधित शिकायतों पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एफसी योग्य प्रकरणों को अंतिम दिवस तक लंबित न रखें और समय-सीमा के भीतर ही उन्हें प्रेषित करें। कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए.

## रेलवे स्टेशन की लिफ्ट बंद, दिव्यांगों की बढ़ी परेशानी



**इटारसी-** मध्यप्रदेश के सबसे बड़े रेलवे जंक्शन इटारसी में दिव्यांग,बुजुर्ग यात्रिओं को रोजना प्लेटफार्म पर चढ़ने और उतरने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।परेशानी का बड़ा कारण प्लेटफार्मो पर लगी बंद लिफ्ट है ।कभी कभी तो दिव्यांग यात्रियों को बंद लिफ्ट होने के कारण अपनी यात्रा ट्रेन से हाथ भी धोना पड़ रहा है ।दिव्यांग यात्री फूड ब्रिज के ऊपर चढ़ने और प्लेटफार्म पर पहुँचने के लिये मदद का सहारा तलाशते नजर आते है ।बीती रात भी एक ऐसा ही मामला सामने आया जहाँ एक दिव्यांग यात्री प्लेटफार्म नंबर तीन से ऊपर आना था ।जैसे ही प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर मौजूद आरपीएफ आरक्षक हर प्रताप परमार को इसकी जानकारी लगी तो वह तत्काल दिव्यांग यात्री के पास पहुँचे। व्हीलचेयर उन्होंने डिप्टी एसएस कार्यालय से मंगाई और स्वयं व्हीलचेयर पकड़कर समय पर दिव्यांग यात्री को उसकी ट्रेन तक पहुँचाया। यात्री नाम मनोज राठौर निवासी शारदा कॉलोनी नर्मदा पुरम जो नागपुर से इटारसी की यात्रा कर रहे थे उनके पिता रामकुमार सिंह दिव्यांग और बीमार थे ।आरपीएफ आरक्षक के द्वारा की गई मदद की प्रशंसा बीमार बुजुर्ग एवं उनके परिजनों ने की है ।आरपीएफ आरक्षक का यह वीडियों जमकर सोशल मीडिया चर्चा का विषय बना हुआ

## लगातार हो रही बारिश के कारण तवा बांध के 5 गेट 5 फीट तक खोले



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण तवा बांध अपनी पूरी क्षमता पर भर गया है। आज सुबह 10.30 बजे, बांध का जलस्तर 1165.98 फीट (355.40 मीटर) दर्ज किया गया, जो कि इसकी पूर्ण भराव क्षमता के बराबर है। बांध में जल संग्रहण 100 प्रतिशत हो चुका है। बांध में लगातार पानी की आवक (49,444 क्यूसेक) को देखते हुए, प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर तवा डैम के पांच गेट 5 फीट तक खोल दिए हैं। इन गेटों से 44,073 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि पावर हाउस से भी 3,673 क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। इस तरह तवा नदी में कुल 47,746 क्यूसेक पानी छोड़ा है।

**बाढ़ का खतरा, अलर्ट जारी** - इस बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने से तवा और नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिला प्रशासन ने नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों को सतर्क रहने और नदी के पास बिल्कुल न जाने की चेतावनी जारी की है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। आज सुबह 10.30 बजे तक तवा डैम क्षेत्र में 12.60 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जिससे कुल बारिश का आंकड़ा 1158.80 मिमी हो गया है। जिला प्रशासन ने सभी से सतर्क रहने हेतु कहा है.



**इटारसी.** पूर्व विधायक और सुधार न्यास अध्यक्ष अंबिका शुक्ला के जन्मदिवस पर जिले के शुभचिंतकों , मित्रों, व्यापारियों ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी तथा आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया. बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शिवाकांत गुडडन पाण्डे, किसान कांग्रेस अध्यक्ष बाबू चौधरी, अशोक जैन, सुधांशु मिश्रा, मुकेश गांधी, राजेंद्र सिंह तोमर, वीनू बुधोलिया, जम्मू सिंह उप्पल, सुधीर गोठी, सुनील वाजपेयी, पंकज राठौर, डॉ केसी साहू, अशोक शर्मा एडव्होकेट, अमन अग्रवाल, विनीत चौकसे आदि लोगों ने पहुंचकर बधाई दी तथा मार्गदर्शन प्राप्त किया.

## कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**हरदा** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं,भारतीय जनता पार्टी से के एल कुशवाहा सहित आदि लोग उपस्थित थे.

## जिले में अब कानून की कमान नवागत आईपीएस साई कृष्ण एस थोटा के हाथ

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 10 सितम्बर** नर्मदापुरम जिले में लंबे समय तक पदस्थ रहे पुलिस कप्तान डॉ. गुरु करन सिंह का रतलाम स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर पन्ना में पदस्थ रहे आईपीएस साईं कृष्ण एस थोटा को नर्मदापुरम की कमान सौंपी गई है। बुधवार को नवागत पुलिस कप्तान आईपीएस साई कृष्ण एस थोटा नर्मदापुरम पहुंचे और विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद, साईं कृष्ण एस थोटा ने जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों और



थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा भी इस मौके पर उपस्थित रहे। नए पुलिस कप्तान ने जिले में कानून व्यवस्था बनाने हेतु अपनी प्राथमिकताओं को लेकर संकेत दिए।

## सैकडों की संख्या में कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाईन की

**हरदा, 10 सितम्बर** भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और संगठन की रीति-नीति से प्रभावित होकर बुधवार को गृह ग्राम बारंगा, जिला हरदा में आदिवासी कल्याण समिति जिला अध्यक्ष विष्णुप्रसाद ठाकुर एवं जनपद पंचायत खिरकिया उपाध्यक्ष मोहन सिंह सोलंकी के नेतृत्व में ग्राम प्रतापपुरा, कलियाखेड़ी, नीलगढ़, ड़ोमरी, नीमखेड़ा माल, बिछौला, भागपुर, नीमखेड़ा माफी, रक्तियां, सक्ट्या आदि गांवों के सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने सभी का अभिनंदन किया।

## नेशनल हाईवे पर अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का मिला शव

**नव भारत समाचार**

**हण्डिया 10 सितम्बर** हण्डिया पुलिस थाना क्षेत्र के करूणा धाम मार्ग नेशनल हाईवे कि पुलिया के निकट एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति के शव मिलने की सूचना पर हंडिया पुलिस मौके पर पहुँच जॉच में जुटी। हण्डिया पुलिस से मिलीं जानकारी के अनुसार सूचनाकर्ता अभय पाठक निवासी इंदरा कालोनी हण्डिया ने बताया कि फोरलेन करूणा धाम मार्ग के पास पुलिया के निकट एक वृद्ध व्यक्ति मृत अवस्था में पडा हुआ है। सूचना के बाद हण्डिया पुलिस मौके पर पहुँच जांच में जुट गई। सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार पासी मय स्टाप के मौके पर पहुँच अज्ञात मृत व्यक्ति उम्र 65 से 70 वर्ष, का देहाती मर्ग कायमी की गई। इंटीमेशन, क्रमांक 0/25 धारा-194 BNSS दर्ज कर असल कायमी की गई। शव को आवशयक कार्रवाई हेतु सुरक्षित किया गया। तथा पहचान व मृत्यु के कारण कि जॉच की जा रहीं हैं।

## अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग

**पिपरिया** धनासरी पंचायत के अंतर्गत धनासरी व शंखनी में पिछले 5 वर्षो से अधूरे पडे कार्यो को शीघ्र कराने पंचायत एवं ग्रामीण विकासमंत्री को आवेदन देने के बाद भी कार्रवाही नही हुई। ग्राम पंचायत के समाजसेवी हेमंत पटेल,संतोष पटेल व रितिक पटेल ने बताया कि ग्राम पंचायत धनासरी के ग्राम शंखनी सन 2020 में स्वीकृत गौशाला का निर्माण पूर्ण नही हो पा रहा है।

## नवनी संयम सिन्हा चौकसे ने किया नाम रोशन

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 सितम्बर** पत्रकार विनीत चौकसे की पुत्रवधू, नवनी संयम सिन्हा चौकसे ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धि से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बरकतउल्ला विवि भोपाल से M.sc. (पर्यावरण विज्ञान) की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। भोपाल में आयोजित विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में नवनी को



उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वयं नवनी को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार 17 से प्रारंभ

**नर्मदापुरम** केंद्र सरकार की ओर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से हो रही है जो 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। नर्मदापुरम जिले में जिला अस्पताल सहित प्राथमिक, सामुदायिक व आयुष्मान केंद्रों पर सभी जगह शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें महिलाओं में स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी देंगे.

## नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को प्रीसीटिंग बैठक

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया, 10 सितम्बर** 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर प्रीसींटिग बैठक का आयोजन किया गया ।मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश पर 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशलन अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक प्रकरणो के निराकरण हेतु अधिवक्ता संघ एंव बीमा कम्पनी के अधिवक्ताओं के साथ प्रीसींटिग बैठक का आयोजन किया जिसमें प्रथम जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा अधिवक्ताओं को प्रेरित किया गया कि वह अपने पक्षकारो को लोक अदालत के लाभ के बारे में बताये एवं प्रकरणो का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर कर प्रकरण का निराकरण करे। लोक अदालत में सिविल, आपराधिक,चैक बाउंस, जलकर एवं संपत्तिकर में छूट दी जा रही है.

## राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हरदा का प्रतिनिधित्व

**हरदा -** जिले के खिलाड़ी प्रफुल्ल मुकेश अत्रे और हिमांशु जाट ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाया है। दोनों खिलाड़ी 17-वी हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित मिनी बालक एवं बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता तेलंगाना के हैदराबाद में 26 सितंबर से 29 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों के साथ कोच गौतम विश्वकर्मा मार्गदर्शन व प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

## हरदा पुलिस को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 10 सितम्बर** पुलिस अधीक्षक कार्यालय हरदा सहित जिले के 12 पुलिस कार्यालयों को अंतरराष्ट्रीय मानक ISO 9001.2015 प्रमाणपत्र दिया गया। इस मान्यता में एसपी कार्यालय, दो एसडीओपी कार्यालय और 9 थाने शामिल हैं। यह किसी भी संस्था की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। प्रमाणपत्र वितरण समारोह पुलिस कंट्रोल रूम हरदा में आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर




सिद्धार्थ जैन ने सभी अधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, एसडीओपी आकांक्षा तलैया और रावर्ट गिरवाल को उनके कार्यालयों के लिए प्रमाणपत्र मिले ।थाना प्रभारियों में निरीक्षक संतोष चौहान, आर.पी. कवरेती, रोशनलाल भारती और अंजना पाटिल को प्रमाणपत्र दिए गए।

## वीर रस के कवि राहुल राय का निधन

**बनखेड़ी।** बनखेड़ी ब्लॉक के ग्राम मुर्गीढाना निवासी पुलिस आरक्षक एवं वीर रस के कवि श्री राहुल राय का इंदौर के शैल्बी हॉस्पिटल में दुखद निधन हो गया है। उनका हाल ही में लिवर ट्रांसप्लांट हुआ था। उनके निधन का समाचार सुनते ही क्षेत्रके नागरिक स्तब्ध रह गए। पेसे से पुलिस विभाग में राहुल अपनी सेवाएं दे रहे थे। साथ ही साथ कवि हृदय होने के कारण वीर रस में उनकी अच्छी पकड़ थी। राहुल ने कम समय में बहुत लोकप्रियता हासिल की .

## विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 सितम्बर** तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी के तत्वावधान में आज सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, मालवीयगंज में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायाधीश श्रीमती आयुषी गुप्ता (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी) उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को बच्चों के संविधान प्रदत्त अधिकारों की जानकारी देते हुए बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विधिक प्रावधानों का विस्तार से




वर्णन किया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। अंत में उनके द्वारा विद्यार्थियों के प्रश्नों का धैर्यपूर्वक उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा समिति उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, सर्वेश शर्मा, रविशंकर यादव, छात्र उपस्थित रहे।

## चरनोई भूमि से तरौन में अतिक्रमण हटाने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया, 10 सितम्बर** जनसुनवाई में 24 आवेदन आये। कुछ आवेदन पिछली जनसुनवाईयों में भी दिये गये परंतु निराकरण नही होने पर पुनः आवेदन देकर कार्रवाही व आवेदनो के निराकरण की मांग की। जनसुनवाई में तरौनकला ग्राम के ग्रामीणो भूराखुशालसिंह पुर्विया, हेमंत कुशवाहा, मन्नूलाल प्रजापति, सीताराम कुशवाहा, नीलेश कुशवाहा, बद्रीप्रसाद कुशवाहा, राकेश जैन ने जनसुनवाई में दिये आवेदन में बताया कि गौवंश बचाने हेतु शासकीय भूमि का अतिक्रमण हटाया जावे। तरौनकला व तरौनखुर्द में अतिक्रमण कर कृषि कार्य किया जा रहा है। नदी नाले के पास तालपानी की भूमि पर भी अतिक्रमण किया गया है। चरनोई व तालपानी की भूमि खाली न होने के कारण आवारा मवेशियो द्वारा फसलो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वही आवारा मवेशी सडको पर रहते है जिससे वाहन दुर्घटनाये भी हो रही है ।ग्रामीणो ने ग्राम की चरनोई भूमि अतिक्रमण से मुक्त कर गौशाला निर्माण की मांग की है व इस दौरान तरौनकला के कमल किशोर स्वामी ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि मेरे पैतृक मकान के सामने ललित पटेल आ. विशालसिह पटेल द्वारा लकडियो का ढेर लगाकर रास्ता बंद किया गया है मना करने पर गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी जाती है। खापरखेडा के हेमराजसिंह गौड ने बताया कि खापरखेडा से सुरेलाकला रोड निर्माण कार्य पर ठेकेदार की मनमानी से खसरा नं.8 में पक्का रास्ता निर्माण का कार्य चल रहा है जबकि खसरा नं.11 शासकीय रास्ता है। रास्ता निर्माण के पूर्व जांच कराये जाने की मांग की। बारीआम के पर्वतारोही राकेश कुमार धुर्वे ने साहसिक एवं आपदा प्रबंधन गतिविधियों हेतु भूमि आवंटन की मांग की। राकेश धुर्वे ने बताया कि लगभग 15 वर्षो से रॉक क्लाईम्बिग का कार्य स्कूल एवं कालेज के बच्चो को सिखा रहा हूँ साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से हम अपने आपको एवं अन्य लोगो को कैसे बचा सकते है इसका भी प्रशिक्षण दे रहा हूं। इन सभी गतिविधियों को सिखाने के लिये इस कार्य हेतु पचमढी में होटल ग्रीन के आगे फिल्टर हाउस के बाजू से खाली पडी शासकीय भूमि आवंटित करने की मांग की गई। जनसुनवाई के दौरान पीएम आवास का लाभ दिलाने दहलवाडा ने अवैध कब्जा हटवाने की समस्याएं आईं.

## ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स समिति की बैठक हुई

**इटारसी।** ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन की दो दिवसीय केंद्रीय कमेटी की बैठक 7 और 8 सितंबर को बिलासपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में देशभर के 230 स्टेशन मास्टर्स ने हिस्सा लिया। भोपाल मंडल से चार स्टेशन मास्टर दिवाकर कुमार, रामेश्वर सिंह, सीएल माहोर और शुभम मीना इस बैठक में शामिल हुए। दिवाकर कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान केंद्रीय पदाधिकारियों ने रेलवे की संरक्षा को बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। प्रमुख मांगों में तीसरी लाइन में दो स्टेशन मास्टर्स की नियुक्ति, रात्रि ड्यूटी को सप्ताह में 7 दिन से घटाकर 4 दिन करना और खाली पदों को जल्द से जल्द भरना शामिल है। इन मांगों को रेलवे प्रशासन के समक्ष उठाया गया है.

## अभियान के दूसरे दिन भी यातायात पुलिस की सख्त कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 सितम्बर** सड़क हादसों को कम करने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 8 सितंबर से 22 सितंबर तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, आज दूसरे दिन भी सख्त कार्रवाई जारी रही। पुलिस ने जिले भर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 236 वाहन चालकों पर चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक श्री साईंकृष्णा एस. थोटा के निर्देश और डीएसपी यातायात व सभी अनुविभाग के एसडीओपी के नेतृत्व में जिले भर में लगातार चेकिंग की जा रही है। इस 15 दिवसीय अभियान में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना, मोबाइल का उपयोग, शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरलोडिंग, और बिना कागजात (लाइसेंस, फिटनेस, परमिट) के वाहन चलाने जैसी अनियमितताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



**नियम उल्लंघन पर की गई कार्यवाही**

उल्लंघन के अनुसार, पुलिस ने तेज गति से वाहन चलाने पर 01, रॉन्ग साइड में वाहन चलाने पर 03, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने पर 01, बिना हेलमेट के 177, बिना सीट बेल्ट के 27, बिना लाइसेंस के 01 और अन्य धाराओं में 26 मामलों में कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत पुलिस स्कूल और कॉलेजों पर भी कार्रवाई करेगी। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर चालानी कार्यवाही के साथ ही वाहन मालिक पर भी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की कार्यवाही भी की जाएगी। मोटर व्हीकल एक्ट संशोधन नियम 2019 के नियम 199 के तहत, बिना लाइसेंस के नाबालिग के वाहन चलाने पर वाहन मालिक को तीन साल तक की सजा और 25,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही, एक साल तक वाहन का रजिस्ट्रेशन भी निरस्त हो सकता है।